# पंचदश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-08 वृहस्पतिवार, दिनांक-01 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अपराह्न तक ।

(सभा की कार्यवाही शुरू होते ही मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि अपनी मांग को लेकर वेल में आकर बैठ गई ।)

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 07 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 104 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(प्रश्नोत्तर काल समाप्त होने के बाद आसन से घोषणा की गई कि माननीय सभा नेता (माननीय मुख्यमंत्री) का आज जन्म दिन है । वे अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से उनके जन्म दिन पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हैं तथा स्वस्थ दीर्घ आयु एवं सफल जीवन की कामना करते हैं ।)

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री अखतरूल ईस्लाम शाहिन
(ii) श्रीमती सुजाता देवी
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(v) श्री जनक सिंह
(vi) श्री बिरेन्द्र सिंह
(vii) डॉ० प्रमोद कुमार सिंह
(viii) श्री प्रदीप कुमार
(ix) श्री कुमार शैलेन्द्र
(x) डॉ० दाउद अली
(xi) श्री रामनरेश प्रसाद यादव
(xii) श्री राजेश्वर राज

(xiii) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह (xiv) श्रीमती मुन्नी देवी

(xv) श्री विजय कुमार सिन्हा

[3] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह एवं अन्य सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 29.02.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य डॉ० फैयाज अहमद एवं अन्य सभासदों के गृह (विशेष) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री राजेश्वर राज एवं अन्य सभासदों के गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 2.00 बजे अप० से 3.55 बजे अप० तक ।**

(माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि अपनी मांग को लेकर वेल में आकर बैठ गई । माननीय अध्यक्ष, माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं मा० महिला सभासदों द्वारा उनसे अपने सीट पर जाने के अनुरोध के बावजूद वे वेल में बैठी रहीं ।)

आसन द्वारा सदन की सहमति से यह प्रस्ताव रखा गया कि ''यह सदन भारत सरकार से सिफारिश करे कि महात्मा गाँधी की कर्मभूमि बिहार के पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) में ही केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करे ।'' सदन द्वारा सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव स्वीकृत हुआ । आसन से घोषणा की गई कि इसकी प्रति मानव संसाधन विकास विभाग, भारत सरकार को भेज दी जायेगी ।

[4] <u>कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन</u> :-

माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा दिनांक 01.03.2012 को सम्पन्न कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन को सदन में रखा गया, जिसपर सदन की सहमति हुई ।

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :- <u>वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श (दिनांक 29.02.2012 से जारी)</u> :-

सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) डॉ० मु० जावेद (29.02.2012 से जारी) (ii) श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह

(iii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह का वक्तव्य जारी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया )

(iv) श्री अवधेश कुमार राय (v) श्री राजेश सिंह

(vi) श्री बिरेन्द्र सिंह

माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सरकार की ओर से सामान्य विमर्श का उत्तर दिया गया ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 36 निवेदनों को सभा की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 02.03.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-01.03.2012

**लक्ष्मीकांत झा**

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।